**INDIAN SCHOOL SOHAR**

**PRE-BOARD EXAMINATION (2018-19)** **No. of printed pages-6**

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

दिनांक : **10 -02-2019** पूर्णांक : 80

कक्षा : X समय : 3 घण्टे

---

निर्देश : 1 इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।

2 चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।

4 उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

---

## (खण्ड-क) (अपठित बोध)

प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

बोलने का विवेक, बोलने की कला और पटुता व्यक्ति की शोभा है, उसका आकर्षण है।सुबुद्ध वक्ता अपार जनसमूह का मन मोह लेता है, मित्रों के बीच सम्मान और प्रेम का केंद्र-बिंदु बन जाता है।जो लोग अपनी बात को राई का पहाड़ बनाकर प्रस्तुत करते हैं, वे एक ओर जहाँ सुनने वाले के धैर्य की परीक्षा लिया करते हैं, वहीं अपना और दूसरों का समय भी अकारण नष्ट किया करते हैं। बोलने से पहले चिंतन-मनन कर लेना चाहिए कि हमारी वाणी से किसी भी व्यक्ति के हृदय को ठेस नहीं पहुँचे क्योंकि शब्द रूपी बाण व्यक्ति के हृदय को हत करते हैं।विषय से हटकर बोलने वालों से, अपनी बात को अकारण खींचते चले जाने वालों से, अपनी वाणी द्वारा दूसरों पर व्यंग्य करने वालों से तथा अपनी बातों में ऐसे मुहावरों और कहावतों का प्रयोग करने वालों से जो उस प्रसंग के अनुकूल ही नहीं हों, लोग ऊब जाते हैं।वाणी का अनुशासन, वाणी का संयम और संतुलन तथा वाणी की मिठास में ही ऐसी शक्ति है जो हर कठिन परिस्थिति में हमारे अनुकूल ही रहती है, जो मरने के बाद भी लागों की स्मृतियों में हमें अमर बनाए रहती है।हाँ, बहुत कम बोलना या सदैव चुप लगाकर बैठे रहना भी बुरा है।यह हमारी विलक्षण बुद्धि और तेज को कुंद कर देता है।ऐसा व्यक्ति गुफा में रहने वाले उस व्यक्ति की तरह होता है, जिसे बहुत दिनों बाद प्रकाश में आने पर भय लगता है।अतएव कम बोलो, सार्थक और हितकर बोलो।यही वाणी का तप है।

प्रश्न (i) प्रस्तुत गद्यांश में व्यक्ति की शोभा और आकर्षण किसे बताया गया है और क्यों? 2

प्रश्न (ii) मनुष्य द्वारा किस प्रकार का बोलना पसंद नहीं किया जाता है? 2

प्रश्न (iii) बहुत कम बोलना भी मनुष्य के लिए अच्छा क्यों नहीं है और इस प्रकार के मनुष्य को किसके समान बताया गया है? 2

प्रश्न (iv) किस प्रकार की भाषा मनुष्य को जीवन में लोकप्रिय और मरने के बाद अमर बनाए रहती है? 2

प्रश्न (v) वाणी का तप किसे कहा गया? 1

**P.T.O.**

प्रश्न **2-** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

यह समर तो और भी अपवाद है
चाहता कोई नहीं इसको,
मगर जूझना पड़ता सभी को,
शत्रु जब आ गया द्वार पर ललकारता।
छीनता हो स्वत्व कोई,
तू त्याग-तप से काम ले, यह पाप है।
पुण्य है विच्छिन्न कर देना उसे
बढ़ रहा तेरी तरफ जो हाथ हो।

युद्ध को तुम निंद्य कहते हो मगर
जब तलक है उठ रहीं चिंगारियाँ
भिन्न स्वार्थों के कुलिश संघर्ष की,
युद्ध तब तक विश्व में अनिवार्य है।
और जो अनिवार्य है उसके लिए
खिन्न या परितप्त होना व्यर्थ है।
तू नहीं लड़ता, न लड़ता, आग यह
फूटती निश्चय ही किसी बात से।

प्रश्न (क) कवि ने पाप और पुण्य किसे कहा है? **2**

प्रश्न (ख) युद्ध के लिए पछतावा न करने की बात क्यों कही गई है? **2**

प्रश्न (ग) युद्ध कब तक अनिवार्य है? **2**

अथवा

पूर्व चलने के बटोही बाट की पहचान कर ले।
पुस्तकों में नहीं छापी गई इसकी कहानी,
हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की ज़बानी,
अनगिनत राही गए इस राह से उनको पता क्या,
पर गए कुछ लोग इस पर, छोड़ पैरों की निशानी,
यह निशानी भी मूक होकर कुछ बोलती है,
खोल इसका अर्थ पंथी, पंथ का अनुमान कर ले।
पूर्व चलने के बटोही बाट की पहचान कर ले।

यह बुरा है या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बिताना,
अब असंभव छोड़ यह, पथ दूसरे पर अब पग बढ़ाना,
तू इसे अच्छा समझ, यात्रा सरल इससे बनेगी,
सोच मत केवल तुझे ही यह पड़े मन में बिठाना,
तू इसी पर आज अपने चित्त का अवधान कर ले।
पूर्व चलने के बटोही बाट की पहचान कर ले।

प्रश्न **(क)** कवि के अनुसार पंथ की पहचान किनसे हो सकती है?
प्रश्न **(ख)** कवि ने पंथ का अनुमान लगाने के लिए क्या कहा है और क्यों कहा है?
प्रश्न **(ग)** कवि ने यात्रा सरल बनाने का क्या उपाय बताया है?

## (खण्ड-ख) ( व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3 -** शब्द पद कब बन जाता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **2**

अथवा

अविकारी पदों के भेद उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 4 -** (क) निम्नलिखित समस्तपदों में से किन्हीं दो पदों का समास- विग्रह करते हुए भेद लिखिए **:** **2**

पंचरत्न , पराधीन , शुभाशुभ

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समस्तपद बनाकर भेद लिखिए **:** **2**

घोड़े पर सवार , जितना उचित हो , सत् है जो धर्म

**प्रश्न 5 -** निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार वाक्य - रूपांतरण कीजिए **:** **3**

**(i)** शीतल ने जिज्ञासा से पुस्तक पढ़ने के लिए कहा। ( मिश्र वाक्य में )
**(ii)** जब वह आए तब तुम चले जाना। (सरल वाक्य )
**(iii)** कल बहुत सर्दी होने के कारण हम बाज़ार नहीं गए। (सयुंक्त वाक्य )
**(iv)** जो पुस्तक मैंने तुम्हें दी थी, वह अनामिका की थी। ( सरल वाक्य )

**P.T.O.**

प्रश्न 6 - निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए : **4**

(i) भावेश ने मृत्तिका मिट्टी से बनी एक मूर्ति खरीदी।

(ii) अतिथि छत में बैठे हैं।

(iii) आज शीतल हवा बह रहा है।

(iv) सारे देश के नागरिक प्रसन्न हैं।

(v) अधिक बरसात होने के कारण बाढ़ आने की आशा है।

प्रश्न 7 - उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके किन्हीं दो रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **2**

(क) प्रबंधक ने सोहन को रिश्वत लेते हुए ............ तो उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

(ख) वर्तमान में सरकारी नौकरी प्राप्त करना कोई ................. नहीं है।

(ग) चोर पुलिस की ........................................................................ भाग गए ।

## (खण्ड-ग) (पाठ्य-पुस्तक)

प्रश्न 8 - पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे? **2**

(ख) ' गिन्नी का सोना ' पाठ में ' प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट ' किन्हें कहा गया है और ऐसे लोगों के आदर्श पीछे क्यों हटने लगते हैं ? **2**

(ग) ततँारा की तलवार के विषय में लोगों की क्या धारणा थी? **1**

अथवा

आजकल जीवन कैसे घरों में सिमटने लगा है? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइए।

प्रश्न 9 - ' कारतूस ' पाठ के आधार पर बताइए कि वज़ीर अली कौन था और उसने कंपनी के वकील की हत्या क्यों की थी ? **5**

अथवा

लेखक के अनुसार कलकत्ता में 26 जनवरी, 1931 का दिन किस प्रकार एक ऐतिहासिक दिन बन गया? ' डायरी का एक पन्ना ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 10 - पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) कवि बिहारी ने कौन-से बाहरी आडंबरों का विरोध किया है और क्यों? **2**

(ख) कवि कबीर ने आलोचक को सबसे बड़ा शुभचिंतक क्यों कहा है? **2**

(ग) सहायक न मिलने पर कवि क्या प्रार्थना करता है? **1**

अथवा

'मनुष्यता' कविता में कवि ने किस प्रकार की प्रवृत्ति को पशु-प्रवृत्ति कहा है?

प्रश्न 11 - ' पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने किन प्राकृतिक उपादानों में मानवीकृत क्रियाओं की कल्पना की है? स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

कवि 'वीरेन डंगवाल' द्वारा रचित कविता के आधार पर 'तोप' का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12 - मित्रता और आत्मीयता का जाति व भाषा के बंधनों से कोई संबंध नहीं है।' टोपी शुक्ला ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

लेखक के गाँव की अपेक्षा ठाकुरबारी का विकास तीव्र गति से क्यों हुआ? ' हरिहर काका ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## (खण्ड-घ) (लेखन)

प्रश्न 13 - दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) भारत और विश्व शांति
- (i) मानव स्वभाव : शांतिप्रियता
- (ii) शांति व उन्नति का संबंध
- (iii) विश्व शांतिदूत के रूप में भारत

(ख) वर्षा -जल संचयन
- (i) वर्षा -जल संचयन का अर्थ
- (ii) जलचक्र का अर्थ
- (iii) जल-समस्या व समाधान

(ग) पहला सुख : नीरोगी काया
- (i) आधुनिक जीवन-शैली
- (ii) सुख और दु:ख शरीर में ही
- (iii) व्यायाम और स्वास्थ्य

प्रश्न 14 - आपका नाम साकेत है।आप दसवीं कक्षा के छात्र हैं। विद्यालय में तरणताल बनवाने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। **5**

अथवा

दुकानदारों में बढ़ती ज़माखोरी की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए ज़िलाधिकारी को पत्र लिखिए।

**P.T.O.**

प्रश्न 15 - मतदान अधिकारों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से **25** से **30** शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए। **5**

अथवा

आपका नाम विकास है और आप चेतना विद्यालय, दिल्ली में ' पर्यावरण सुरक्षा समिति ' के अध्यक्ष हैं। **25** से **30** शब्दों में सूचना जारी कीजिए जिसमें यह जानकारी दी गई हो कि गर्मियों में नगर के महत्त्वपूर्ण स्थलों पर एक हजार पौधे लगाए जाएँगे। इस कार्य के लिए सभी छात्रों का सहयोग अपेक्षित है।

प्रश्न 16 - अपने-अपने जीवन के लक्ष्य का निर्धारण करते हुए दो मित्रों के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। **5**

अथवा

दूरदर्शन पर प्रसारित प्रेरणादायक कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए पिता व पुत्र के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न 17 – आप अपना पुराना कंप्यूटर बेचना चाहते हैं। कंप्यूटर की विशेषताएँ बताते हुए समाचार-पत्र में प्रकाशित करने हेतु **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

अथवा

आप एक स्कूटर खरीदना चाहते हैं। इससे संबंधित **50** शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

--------------****---------------